वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

दिनांकः 02.08.2023

अधिसूचना

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, आन्तरिक परीक्षकों (गाजीपुर, जौनपुर, हण्डिया एवं एलएल.बी. षष्टम सेमेस्टर हेतु आजमगढ़ एवं मऊ) तथा वाह्य परीक्षकों को अवगत कराया जाता है कि विश्वविद्यालय की समसेमेस्टर परीक्षा वर्ष–2023 की निम्नलिखित विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन नवीन मूल्यांकन भवन पर निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

S.No.	विषय	मूल्यांकन केन्द्र	Ev. Date
1	एलएल.बी.	नवीन मूल्यांकन केन्द्र	04.08.2023
2	बी.एड.	नवीन मूल्यांकन केन्द्र	05.08.2023

उपर्युक्त विषयों के परीक्षक मूल्यांकन केन्द्र पर आने से पूर्व परीक्षकत्व हेतु आवेदन के साथ विगत 06 माह का वेतन स्टेटमेन्ट, सम्बन्धित बैंक पासबुक मूलरूप में, जिसमें महाविद्यालय द्वारा वेतन का भुगतान किया जा रहा हो तथा विगत छः माह की प्रविष्टियाँ भी अंकित हों, सम्बन्धित विश्वविद्यालय का अनुमोदन पत्र, प्राचार्य द्वारा निर्गत अद्यतन अनुभव प्रमाण–पत्र मूलरूप में, आधार कार्ड, पेन कार्ड की मूलप्रति एवं सत्यापित छायाप्रति आदि मूल्यांकन समन्वयक को उपलब्ध करायेंगे। मूल्यांकन समन्वयक द्वारा सम्यक परीक्षणोपरान्त ही मूल्यांकन की अनुमति प्रदान की जायेगी। परीक्षक अपने देयकों के साथ निरस्त चेक अवश्य संलग्न करेंगे, बिना निरस्त चेक के देयक स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कृपया उपुर्यक्त विषयों के अर्ह परीक्षकों द्वारा ही निर्धारित मूल्यांकन तिथियों को नवीन मूल्यांकन भवन में उपस्थित होकर मूल्यांकन कार्य सुचितापूर्वक सम्पादित किया जाना सुनिश्चित करें।

नोट :–

1. उक्त के अतिरिक्त जनपद आजमगढ़, मऊ, संत रविदास नगर (भदोही), वाराणसी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, एवं अम्बेडकर नगर जनपद के वाह्य परीक्षक अनुमन्य होंगे। वाह्य परीक्षकों को दिनांकः 06.08.2023 से मूल्यांकन हेतु अनुमत किया जायेगा।
2. उत्तरपुस्तिका कम होने पर वाह्य परीक्षक केवल अध्ययन परिषद द्वारा नामित तथा प्राश्निक ही अनुमन्य होंगे।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः 3971/गोप./(11)मूल्यांकन/2023 दिनांकः 02.08.2023

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समाचार सम्पादक .... को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया सम्बन्धित परीक्षकों को सूचना अपने स्तर से भी देने तथा विश्वविद्यालय के पत्रांक–975/परीक्षा/2020, दिनांकः 26.06.2020 द्वारा प्रेषित शासन के पत्र संख्या–03/2020/697/2020–16(11)/2014 टी0सी0–3, लखनऊ, दिनांकः 19 जून 2020 मे दिये गये निर्देशानुसार कोविड–19 से सम्बन्धित सभी सुरक्षात्मक उपायों का पालन सुनिश्चित किया जाय।
3. समन्वयक, मूल्यांकन केन्द्र को उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु।
4. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
6. वित्त अधिकारी जी को उनके पत्रांकः वि0अधि0/2019/23, दिनांकः 26.07.2023 के आलोक में संज्ञानार्थ।
7. कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
8. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)